Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पल्हत्थियं	पर्यास्तिकां	जंघोपरि वस्त्रवेष्टन रूप पाल को
पहिया	पथिका	पथिक, राहगीर
पहू	प्रभुः	प्रभु—स्वामी
पाउकरिस्सामि	प्रादुःकरिष्यामि	प्रकट करूँगा—यहाँ भविष्यत्काल की क्रिया का प्रयोग यथाशक्ति सर्वज्ञ के वचनों को प्रतिपादन करने के अभिप्राय से है।
पादमूलम्मि	पादमूले	चरणों के निकट में।
पायारतुङ्गसिहरेहिं	प्राकारतुङ्गशिखरैः	चाहार दीवारी और ऊँची-ऊँची चोटियों से।
पावइ	प्राप्नोति	प्राप्त करता है
पावगं	पापकं	दुष्ट मार्ग को
पावं	पापं	पाप
पावंति	प्राप्नुवन्ति	प्राप्त करती हैं
पावदिट्ठित्ति	पापदृष्टिरिति	पाप दृष्टि, इस प्रकार
पिट्ठओ	पृष्ठतः	पीठ करके
पिंडे	पिण्डे	अधिकार या वश में
पिण्डं	पिण्डं	आहार को
पियक्खरेहि	प्रियाक्षरैः	प्रियकर या प्रिय बातों से
पियवयणं	प्रियवचनं	प्रियहित रूपी वचन
पीणथणा	पीनस्तनाः	स्थूल स्तन
पुच्छमाणस्स	पृच्छतः	पूछनेवाले को
पुच्छेज्जा	पृच्छेत्	पूछे
पुज्जेसु	पूज्येषु	पूज्य पुरुषों में
पुज्जसत्थे	पूज्यशास्त्रः	पूज्य शास्त्र

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पुट्ठो	पृष्टेः	पूछा हुआ
पुढविभेद	पृथ्वीभेदः	पृथ्वी रेखा के समान
पुढवीपरियत्तस्स	पृथ्वीपर्यन्तस्य	पृथ्वी पर्यन्त के
पुरओ	पुरतः	आगे से
पुरिसित्थीसंजोए	पुरुष स्त्री संयोगे	पुरुष स्त्री का संयोग जैसे हो, वैसे करने आदि कार्यों का
पुव्वसंस्थुया	पूर्वसंस्तुता	पढ़ने से पूर्व जिनकी स्तुति की गई
पूइकन्नी	पूतिकर्णी	सड़े हुए कानोंवाली
पेच्छिउं	द्दष्टुं	देखने के लिए
पेक्खित्ता	प्रेक्षित्वा पेक्ख + इत्ता	देखकर
पेहाए	प्रेक्ष्य	विचार करके
पोग्गलजीवप्पगस्स	पुद्गलजीवात्मकस्य	पुद्गलजीवात्मक का
पोग्गलजीवणिवहो	पुद्गलजीवनिवहः	पुद्गल और जीव से संयुक्त
पोग्गलदव्वप्पमुहं	पुद्गलद्रव्यप्रमुखैः	पुद्गलद्रव्यादिक से
पोग्गलदव्वेहिं	पुद्गलद्रव्यैः	पुद्गलद्रव्यों से
पोग्गलदव्वपगा	पुद्गलद्रव्यात्मकाः	पुद्गलद्रव्यात्मक
पंजलीउडो	प्राञ्जलिपुटः	हाथों को जोड़कर
फणओ	फलदः	कुवेर
फरुसेण	परुषेण	कठोर वाक्यों से
फरुसंवि	परुषमपि	कठोर भी
फलाइं	फलानि	फलों को
फलभरियरुक्खमेगं	फलभरितवृक्षमेकं	फलों से पूर्ण किसी एक वृक्ष को
फासुयं	प्रासुकं	अचित्त
फिच्चाणं	कृत्यानां	कार्यों के
फुडं	स्फुटं	स्पष्ट

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

फंदणविसेसा	स्पन्दनविशेषः	स्पन्दन विशेष रूप
वज्झदि	वध्येत	बंधता है
बंधचउक्कं	बन्धचतुष्कं	कर्मबन्ध चतुष्क-प्रकृति, प्रदेश, स्थिति और अनुभाग बन्ध
वलगव्विओ	वलगर्वितः	वल का अहंकार
वहुएहिं भणिएहिं	वहुभिः भणितैः	अधिक कहने से
वहुकूडकवडभरियाण	बहुकूटकपटभृतानां	नाना प्रकार के छल-कपटों से भरे हुओं को।
वहुदुक्खं		वहुत दुःखको
वहुमज्झ संठियो	वहुमध्यसंस्थितः	उसके ठीक मध्य में स्थित
वाहिरदव्वं	बाह्यद्रव्यं	वाह्य वस्तुओं को
बुद्धपुत्त	बुद्धपुत्रः	बुद्ध-आचार्य पुत्र
बुद्धणं	बुद्धानाम्	आचार्यों के
बुद्धेरायरियं	बुद्धैराचरितं	तत्त्ववेत्ता आचार्यों द्वारा आचरण किया गया
बुद्धोवघाई	बुद्धोपघाती	आचार्यों का घात करने वाला
बुब्भन्ति	मह्यन्ते	धारण करते हैं
बेंति	ब्रुवन्ति	कहते हैं
वोहित्थवायसेण व	प्रवहणवायसेनेव	जहाज के काक के समान
भक्खए	भक्षयेत्	आहार करे
भणिया	भणिता	कही
भवियजणाणंदजणणीओ	भविकजनानन्दजननीः	भव्यजीवों को आनन्द उत्पन्न करनेवाली
भमिऊण	भ्रान्त्वा	भ्रमण करके
भवीय	भूत्वा	होकर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भावना — बारबार चिन्तन करने को अनुप्रेक्षा या भावना कहते हैं।

भासेज्जा	भाषेत	भाषण करें
भिक्खुणो	भिक्षोः	भिक्षु के
भुंजइ	भुङ्क्ते	खाता है
भुंजेदि	भुनक्ति	भोगता है
भूयाणं	भूतानां	वनस्पति आदि भूतों का
भोउवभोयं	भोगोपभोगं	भोगोपभोग नाम का
भोयणतंबोलवत्थु-माइणं	भोजनताम्बूलवस्त्रादीनां	भोजन, ताम्बूल, वस्त्र आदि का
भंडणवसियरणकाम सत्थाणं	भण्डणवशीकरण कामशास्त्राणां	भांडक्रिया, वशीकरण, मन्त्र तथा वर्णन करनेवाले कामशास्त्रों का
मज्जारपहुदिधरणं	मार्जारप्रभृतिधरणं	विलाव आदि हिंसक जन्तुओं को पालना
मज्जेण	मद्येन	शराव से
मणवयणकायसुद्धी	मनवचनकायशुद्ध्या	मन, वचन और काय की शुद्धि से
मणहरविसयेहिंतो	मनोहरविषयेभ्यः	मनोहर विषयों से
मणुलड्डुव		संकल्प मात्र से, मन में लड्डू खाने की कल्पना करने के समान
मणोरह-दुम	मनोरथद्रुमाः	मनोरथ रूपी वृक्ष
मणोरुई	मनोरुचिः	गुरुओं के मन की रुचि
भण्णदि	भण्यते (भण्ण + दि—ते के स्थान पर परस्मैपद)	कहा जाता है
मण्णई	मन्येत	मानता है
मण्णमाणो	मन्यमानः	जानता है
मम्मयं	मर्मकम्	मर्मयुक्त वचन

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

भयमत्तो	मदमत्तः	नशे से चूर, वेहोश
मदण-सर-भिन्न-हिययं	मदनशरभिन्नहृदयं	कामदेव के बाण से भग्न हृदयं
मयंकपडिविंवं	मृगाङ्कप्रतिविम्बम्	चन्द्रप्रतिबिम्ब को
मलमुत्ताणं	मलमूत्राणां	मलमूत्रों का
मलपंकपुव्वम्	मलपङ्कपूर्वकम्	मलपङ्कयुक्त को
महव्वयं	महाव्रतं	महाव्रत
मह	मम	मेरे
महज्जुई	महाद्युतिः	महाद्युतिवाला
महादरं	महादरं	आदर
महापहे	महापथे	राजमार्ग में
महिड्ढिए	महर्द्धिकः	महाऋद्धिवाला
महिला-ओसहिं	महिलौषधिं	महिला रूपी औषधि को
सव्वदुलहदुलहं	सर्वदुर्ल्लभ दुर्ल्लभं	दुर्लभ से भी दुर्लभ
मही—महिलाए	महीमहिलायाः	पृथ्वीरूपी महिला के
महुमहोव्व	मधुमथन इव	विष्णु के समान
महुरत्तणं	मधुरत्वं	मीठापन, मिठास
माणसे दुक्खे	मानसैः दुःखैः	मानसिक दुःखों से
भारहं	भारतं	भारतवर्ष
माहं	माऽहं	मुझे मत हो
मिग	मृगः	पशु
मिउंपि	मदुमपि	कोमल स्वभाव वाले को भी
मिच्छकसायेहिं	मिथ्याकषायैः	मिथ्यात्व और कषायों के द्वारा
मिदू	मृदुः	कोमल परिणामी
मुचइ	मुञ्चति	छोड़ता है

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मिच्चुणा	मृत्युना	मृत्यु से
	ऋकार के स्थान पर इकार और त्य के स्थान पर च्च	
मुत्तामुत्ता	मूर्तामूर्ता	मूर्त, अमूर्त
मुणह	जानीहि	जानो
मुणिदे	ज्ञाते	जान लेने पर
मुणिऊण	ज्ञात्वा	जानकर
मुणेदव्व	ज्ञातव्याः	जानना चाहिए
मुत्तिप्पहीणाणं	मूर्तिप्रहीणानां	अमूर्त द्रव्यों के
मुसं	मृषां	झूठ को
मुहरी	मुखारिः	मुखर, वाचाल
मोत्तूण	मुक्त्वा	छोड़कर
मोसं	मृषां	झूठ को
मोहजभावा	मोहजभावान्	मोह से उत्पन्न हुए भावों को
मोहपदेसेहिं	मोहप्रदेशाभ्यां	मोह और द्वेष के द्वारा
मोहाणुरायजणयं	मोहानुरागजनकम्	मोहानुराग को उत्पन्न करनेवाला
मोहादिएहिं	मोहादिकैः	मोहादिककर्मों से
मोहोदएण	मोहोदयेन	मोहोदय से
मंदकसाया	मन्दकषायाः	मन्दकषाय रूप परिणाम
रक्खदे	रक्षते	रक्षा करता है
रज्जदे	रज्यति	राग करता है
रज्जूए	रज्वा	रस्सी से
रण्णमज्झदेसम्मि	अरण्यमध्यदेशे	वन के मध्य में
रत्थयअंगणे	रथ्याङ्गणे	चौराहे पर
रमइ	रमते	रमण करता है
रमणीण	रमणीनाम्	स्त्रियों के
रयणुव्व	रत्नमित्र	रत्न की तरह

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रययपट्टोव्व	रजतपट इव	रजत वस्त्र के समान
रायद्दोसा	रागद्वेषाः	राग और द्वेष
रुट्ठो	रुष्टः	नाराज होकर
रुयन्ती	रुदन्ती	रोती हुई
रुव-जोव्वण-गुणड्ढा	रूपयौवनगुणाढ्या	रूप यौवन और गुणों से युक्त
रूवा	रूपात्	आत्मस्वरूप से
रूसइ	रूष्यति	क्रोध करता है
रोई	रोगी	रोगी
लउडि	लकुटि	लाठी
लक्खाखलादिगहणं	लाक्षाखलादिग्रहणं	लाख, खाल, विष या अन्य घातक वस्तुओं को देना, लेना, व्यापार आदि करना
लच्छी	लक्ष्मी	सम्पति
लक्खणमेयं	लक्षणमेतत्	ये चिह्न
ललियक्खरकव्व-वन्धने	ललिताक्षरकाव्यवन्धने	मधुर और ललित पदावली युक्त काव्य
लवेज्ज	लपेत्	बोले
लेस्सागुणजाणयक्खादा	लेश्यागुणज्ञापकाख्याता	लेश्या के स्वरूप को जानने वालों ने
लहुदक्खोववेया	लघुदाक्ष्योपपेताः	लघु-शीघ्र कार्य करनेवाले, चतुर, गुणों से युक्त
लहेइ	लभते	प्राप्त करता है
लहुं	लघुं	शीघ्र
लाभइस्संति	लाभयिष्यन्ति	लाभ देंगे
लावण्णं	लावण्यम्	सौन्दर्य

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लिंगेहिं	लिंगैः	चिह्नों से
लिंपइ	लिंपति	लिप्त करता है
लीलावलोयणेणवि	लीलावलोकनेनापि	लीला, कौतूहल वश देखने से ही
लोयाणुपेहाओ	लोकानुप्रेक्षा	लोक भावना
लोहणासणट्ठं	लोभनाशनार्थम्	लोभ के नाश करने के लिए
लोहुदओ	लोभोदयः	लोभ का उदय
लंघित्ता	लङ्घयित्वा	उल्लंघन करके
वङ्कभणियं	वक्रभणितं	व्यञ्जनायुक्त बातें
वच्चति	वव्रति	प्राप्त होता है
वज्जए	वर्जयेत्	त्याग दे, छोड़ देवे
वट्टणा	वर्तना	प्रतिपर्याय में वर्तना रूप
वट्टदि	वर्तते	है
वणप्फदिछेओ	वनस्पतिच्छेदः	वनस्पति वृक्षादिका छेदन
वणसिरी	वनश्री	वनशोभा
वण्णरसगंधफासा	वर्णरसगन्धस्पर्शाः	वर्ण, रस, गन्ध और स्पर्श
वण्णोदयेण	वर्णोदयेन	वर्णनाम कर्म के उदय से
वदिवददो	व्यतिपततः	मन्दगति से गमन कर रहा हो
वयजुत्ताणं	व्रतयुक्तानां	व्रतयुक्तजीवों के
वयं	व्रतं	व्रत
वराओ	वराक !	दीन
वरुज्जाणे	वरोद्याने	सुन्दर उद्यान-वगीचे में
वसइ	वसति	रहता है
वसंगदो	वशंगतः	वश में हुआ
वागरिज्ज	व्यगृणीयाद्	कहे
वागेर	व्यागृणीयात्	वोले

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वारसविहेण	द्वादशविधेन	वारह प्रकार के तपों से
वावारो	व्यापारः	प्रवृत्ति
वाहए	वाहकः	सवार
वाहित्तो	व्याहृतः	बुलाया हुआ
विउलो	विपुलः	विशाल
विगयभया	विगतभया	भयरहित
विजुदा	वियुक्ताः	रहित
विज्जाहराहम	विद्याधराधमः	नीच विद्याधर
विज्झवेज्जं	विध्यापयेत्	क्रोधरूपी अग्नि को शान्त करें
विट्ठं	विष्ठां	विष्ठा को
विणए	विनये	विनय में
विणीए	विनयी	विनयवान्
विण्णादं	विज्ञातम्	जाना, ज्ञात किया
विदीया	द्वितीया	दूसरी
विप्पमुक्कस्स	विप्रमुक्तस्य	विप्रमुक्त, रहित
विचारमाणोवि	विचारयन् अपि	विचार करता हुआ भी
विरायंति	विराजन्ति	विराजते हैं
विरोहियसंधियस्स	विरोधितसन्धितस्य	विरोधी के साथ मेल करनेवाले का
विलओ	विलयः	विनाश
विलभं	वनितां	स्त्री को
विवज्जित्ता	विवर्ज्य	वर्ज करके
विचिट्ठो	विचेष्टः	वेसुध हो
विवाहओ	व्यापादितः	मारा
विविहसुरसोक्खं	विविधसुरसौख्यं	नाना प्रकार के देव जाति के सुखों को
विसये	विषयान्	विषयों को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विहलो	विफलः	विना प्रयोजन, निरर्थक
विहिणा	विधिना	विधाता ने
वीचिपउरम्मि		तरंगों से भरे हुए
वुच्चई	उच्यते	कहा जाता है
वुड्ढो	वृद्धः	वृद्ध, बूढ़ा
वेणुवमूल	वेणूपमूलः	बांस की जड़
वेत्ते	वेत्रान्	बेंत को
वेरग्गभावणादो	वैराग्यभावनातः	वैराग्यभावना से
वेरधरणं	वैरधारणं	शत्रुता ग्रहण करना
वेसं	द्वेष्यं	द्वेष का करण
वेहदि	वेधैः	वेधों से
वोच्छं	वक्ष्ये	कहूँगा
वंदित्ता	वंदित्वा ; वंद+इत्ता	वन्दना करके
सई	सती	सती
सकालपत्ता	स्वकालप्राप्ता	स्वकाल प्राप्त
सक्कदि	शक्नोति	समर्थ है
सच्छिदरा	स्वच्छेतराः	प्रशस्त और अप्रशस्त
सडणं	सटनं	सड़ना
सण्णिहा	सन्निभः	समान
सत्तिविवाओ	शक्तिविपाकः	फलदायिनी शक्ति के विपाक को
सद्धिं	सार्धं	साथ
सन्धीसु	सन्धिषु	दो घरों की सन्धियों में
सभावसमवट्ठिदो	स्वभावसमवस्थितः	स्वभाव में अवस्थित
सब्भावबाहिरेहिं	सद्भावबहिर्भूतैः	सद्भाव से रहितों के द्वारा
समच्छरमणा	समत्सरमना	मत्सर सहित, मात्सर्यभाव सहित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

समरेसु	समरेषु	युद्ध में
समसुक्खणिलीणो	समसौख्यनिलीनः	समता भाव रूपी सुख में लीन होकर
सम्मइ	श्राम्यति	कष्ट पाता है
सम्मत्तं	सम्यक्त्वं	सम्यक्त्व
समाचरे	समाचरेत्	ग्रहण करें
समाणीया	समानीता	लाई
समासदो	समासतः	संक्षेप से
समुद्दिट्ठं	समुद्दिष्टं	कहा है
सयलकुट्ठियाणं	सकलकुत्स्थितानां	समस्त कुत्सित वस्तुओं को
सयलतिहुयणे	सकलत्रिभुवने	समस्त तीनों लोकों में
सया	सदा	सदा, निरन्तर
सरलसहावेहि	सरलस्वभावेन	सरल स्वभाव से
सरिसओ	सदृशः	समान
सरिसी	सदृशी	समान
सरेइ	स्मरति	स्मरण करता है
सवदं	शपथं	कसम
सव्वण्ह	सर्वज्ञः	सर्वज्ञ
सव्वत्थ	सर्वत्र	सर्वत्र
सव्वसमपासी	सर्वसमदर्शी	सभी विषयों में समदर्शी
सव्वसो	सर्वतः	सभी ओर से
सव्वायरेण	सर्वादरेण	सभी प्रकार के आदर से
सव्वायासमणन्तं	सर्वाकाशमनन्तं	समस्त आकाश अनन्त है
सव्वेसिं	सर्वेषां	समस्त
ससहावं	स्वस्वभावं	आत्म स्वभाव को
ससिवयणे	शशिवदने	चन्द्रमुखी
सहलो	सफलः	फल सहित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सहसत्ति	सहसा	अचानक
सहेदि	सहते	सहन करता है
साणस्स	शुनः	कुत्ते का
सारमेया	कुक्कुरा	कुत्ते
सारित्थं	सदृशं	समान
सारंगं	सारङ्गं	हरिण को
सावज्जवज्जिदो	सावद्यवर्जितः	पाप कार्यों से रहित
सावज्जं	सावद्यं	सावद्य, सदोष वचन को
सासए	शाश्वतः	निरन्तर
सासयं	शाश्वत	नित्य
साहदि	साधयति	सिद्ध करता है
साहा	शाखा	शाखा
साहुगुरुपूजणरदो	साधुगुरुपूजनरतः	मुनि, गुरु, आदि की पूजा में आसक्त
साहुपडिचोइएणं	साधुप्रति चोदितेन	साधु के द्वारा प्रेरित होने से
सिक्खिज्जा	शिक्षेत	सीखे
सिढिलन्ति	शिथिलयन्ति	शिथिल करते हैं
सियसालो	श्वेतशाला	श्वेतगृह
सिया	स्यात्	हो
सिल	शिला	पत्थर की रेखा के समान
सिविणन्तरे वि	स्वप्नान्तरेऽपि	स्वप्न में भी
सिहरम्मि	शिखरे	शिखर पर
सिहामणी	शिखामणिः	शिखामणि अर्थात् सिद्ध हो जाता है
सीएण	शीतेन	शीतल वचनों से
सीसा	शिष्यः	शिष्य
सीसेहिं	शिरोभिः	सिर से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सीहस्स	सिंहस्य	सिंह के
सुक्कलेस्सा	शुक्लेश्या	शुक्ल लेश्या
सुचोइए	सुचोदितः	सुप्रेरित
सुट्ठु	सुष्ठुः	अच्छी तरह
सुट्ठ दुग्गंधं	सुष्ठुदुर्गन्धं	अत्यन्त दुर्गन्धित
सुणिऊण	श्रुत्वा (श्रु-सुण-इतूण)	सुनकर
सुणिट्ठिए	सुनिष्ठितं	अच्छा रस उत्पन्न हुआ
सुणिच्चइत्ता	सुनिश्चियित्वा	निश्चय करके
सुणिया	श्रुत्वा	सुन करके
सुणी	शुनी	कुत्ती
सुणेह	श्रुणुत	सुनो
सुदूरं	सुचिरं	दीर्घकाल तक
सुन्नमणो	शून्यमना	शून्यमन
सुपक्किक्ति	सुपक्वमिति	अच्छा पकाया हुआ
सुमिच्चवग्गा	सुमित्रवर्गाः	सुमित्रवर्ग
सुमित्त	सुमित्रं	अच्छे मित्र
सुरधणुतडिव्वचवला	सुरधनुतडिद्वच्चपला	इन्द्रधनुष और बिजली के समान चंचल
सुरघरसिहरेसु	सुरगृहशिखरेषु	देवमन्दिरों के शिखरों पर
सुरिंदाण	सुरेन्द्राणां	इन्द्रों का
सुलट्ठिक्ति	सुलष्टमिति	बहुत मनोहर
सुविणीय संसए	सुविनीत संशयः	सर्वथा सन्देह रहित
सुहडा	सुभटा	योद्धा
सुहडे	सुहृतम्	हरा गाय, अच्छा हुआ इसका कडुआपन हट गया
सुहदुक्खस्सबहुस्सं	सुखदुःखस्यबहुशस्यं	सुखदुख आदि अनेक प्रकार के धान्य को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सुही	सुखी	सुखी
सुहुमादो	सूक्ष्मात्	सूक्ष्म से लेकर
सुहेम	सुहेम	सुवर्ण
सूयरस्स	शूकरस्य	शूकर का
सूयरे	शूकरः	शूकर
सूर-रसिणो	सूर्यरश्मयः	सूर्य किरणें या सैनिकों की रस्सी
से	सः	वह
से	तस्य	उसकी
सेल	शैलः	पत्थर
सेवदि	सेवते	सेवा करता है
सेविज्ज	सेवेत	सेवन करे
सोढा	षोढा	छः भेद
सोयभयवहुलो	शोकभयवहुलः	शोकाकुलित और भयग्रस्त
सोवाणपएदिव	सोपानपदैखि	सीढ़ी के समान
सोहए	शोभते	शोभित होता है
सोई	शोकी	शोकसहित
संखेवादो	संक्षेपात्	संक्षेप से
संगासत्ताण	सङ्गाशक्तानां	गृहस्थों का
संचदि	संचिनोति	संचय करता है
संपज्जइ	सम्पद्यते	है
संपरिवुडा	संपरिवृत्ता	सहित
संपुडकाओ	संपुटकायः	काय को संकोच कर
संवुडे	संवृत्ते	दोनों ओर दीवारों से संवृत्त स्थान में
संसग्गिं	संसर्गं	संसर्ग को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

संसरणं	संसरणं	गमन-भ्रमण होने से ही संसरणं संसार कहा जाता है
संसारदूरमेरं	संसारदूरमर्यादं	संसाररूपी मर्यादा अत्यन्त दूर
हणदि	हन्ति, हण + ति	घात करता है
हत्थउडपाणियाइव	हस्तपुटपानीय इव	अंजली में रखे हुए जल के समान
हयासा	हताशा	निराशा
हरिऊण	हृत्वा	हरणकर
हरिद्दराएण	हरिद्रारागेण	हल्दी के रंग के समान
हरिहरबंभादीया	हरिहरब्रह्मादयः	हरि, नारायण, हर, रुद्र और ब्रह्मा आदि
हवदि	भवति (हो के स्थान पर हव तथा त् के स्थान पर द होने से हवदि)	
हवे	भवेत्	होता है
हवेइ	भवति (हो+इ+हव+इ)	होता है
हसविया	हासिता	हँसी के पात्र
हियपरमत्थं	हृदयपरमार्थं	हृदय की गहराई को
हियं	हितम्	हितको
हेउं	हेतुं	कारण
हु	स्फुटं	स्पष्टरूप से
हूयं	भूतं	हुआ
होइ	भवति	होता है
होदि	भवति भू+होती शौरसेनी प्रवृत्ति के कारण ह के स्थान पर द	होता है
होसइ	भविष्यति	होगा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

परिशिष्ट

अगडदत्त कहा

कथावस्तु

शंखपुर में नानागुणों से अलंकृत सुन्दर नाम का राजा राज्य करता था। इसकी पट्टरानी का नाम सुलसा था। इस सुलसा के गर्भ से अगडदत्त नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ। यह वालक क्रमशः वड़ा होकर युवावस्था को प्राप्त हुआ। युवावस्था के मद के कारण अगडदत्त धर्म-दयारहित, अविनीत, असत्यवादी, व्यभिचारी और घमंडी हो गया। यह मद्य पीता, मांस भक्षण करता और जुआ खेला करता था, तथा आवारागर्दी करता हुआ इधर-उधर घूमा करता था। नगर की प्रजा कुमार के दुष्कृत्यों से तंग हो गई थी। अतः नगरवासी साहस कर एक दिन राजा के पास गये और कहने लगे—'महाराज! कुमार ने अपनी कार्यों से हमलोगों को तवाह कर डाला है। अव आपही रक्षक हैं; जैसा उचित हो, आदेश दीजिये।"

कुमार के कुकृत्यों को सुनकर महाराज सुन्दर को वहुत दुःख और क्रोध हुआ और उन्होंने कुमार को राज्य से निष्कासित करने की घोषणा की। अपने निष्कासन का आदेश अवगत कर कुमार अगडदत्त को क्षोभ हुआ और वह एकमात्र तलवार के भरोसे वाराणसी की ओर चल दिया। दुर्गम वन, पर्वत और नदियों को पार करते हुए वह वाराणसी नगरी में पहुँचा। इस महान् नगरी से अपरिचित रहने के कारण कुमार किंकर्त्तव्य विमूढ़ होकर इधर-उधर घूमने लगा।

उसे सड़क के किनारे कुछ राजकुमार शिष्यों सहित खड़ा हुआ सकल कला और शास्त्रों में प्रवीण, परोपकारी, दयालु एवं दूसरे के मन के भावों का ज्ञाता एक विद्वान् गुरु दिखलायी पड़ा। इसका नाम पवन-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चण्ड था। ये राजकुमारों को हाथी, घोड़े और रथसंचालन की शिक्षा के साथ विविध प्रकार के अस्त्र-शस्त्र चलाने की शिक्षा भी देते थे। कुमार अगडदत्त इनके चरणों में गिर गया और साष्टाङ्ग दण्डवत किया। गुरु ने प्रभावित हो पूछा—"तुम कौन हो और कहाँ से आये हो?"

कुमार ने एकान्त में अपने दुष्कृत्यों के साथ शंखपुर से हुए राज्य-निष्कासन की कथा कह सुनायी। अगडदत्त के इस सत्य और स्पष्ट वार्तालाप से गुरु पवनचण्ड बहुत प्रसन्न हुए और उसे भविष्णु समझकर अपना शिष्य बना लिया। वे उसे अपने घर ले गये और अपना भतीजा बताकर उसकी रहने की व्यवस्था भी कर दी। कुमार अगडदत्त भोजन आदि की समस्त सुविधाओं को प्राप्त कर विविध प्रकार की कला और विद्याओं का अभ्यास करने लगा। अगडदत्त ने गुरु की कृपा और अपने परिश्रम से बहत्तर कलाओं को थोड़े ही समय में सीख लिया। अगडदत्त पवनचण्ड के पवनोद्यान में बैठकर विद्याभ्यास किया करता था। इस उद्यान के समीप ही प्रधान सेठ का सुन्दर महल था। इस सेठ की मदन-मंजरी नाम की रूपवती कन्या थी। इस कन्या ने अपने भवन की छतपर से कुमार अगडदत्त को देखा और उसके रूप सौन्दर्य से मुग्ध हो प्रेम करने लगी। उसने एक दिन कुमार का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट करने के लिए अशोक का गुच्छा उसके ऊपर फेंका, जिससे अध्ययन में संलग्न कुमार का ध्यान मदनमंजरी की ओर गया। एक ही दृष्टि में उसे देखकर कुमार सोचने लगा—यह देवांगना है या नाग कन्या? यह लक्ष्मी के समान है या साक्षात् सरस्वती है? कुमार ने उससे पूछा—"तुम कौन हो? मेरे विद्याभ्यास में तुमने क्यों विघ्न किया है?"

मदनमंजरी—"मैं इस नगर के प्रधान सेठ बन्धुदत्त की पुत्री हूँ और मेरा विवाह भी इसी नगर में हुआ है। कामदेव के समान मनोरम रूप वाले जिस दिन से आपको देखा है, उसी दिन से मेरी नींद चली गयी है, भोजन रुचिकर प्रतीत नहीं होता और सिर में अपार वेदना रहती है। मैं आपसे प्रेम करती हूँ। जबतक आप मुझे स्वीकार नहीं करेंगे, मैं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वस्थ नहीं हो सकती हूँ। आप विश्वास कीजिए कि आपके अभाव में मेरा जीवित रहना संभव नहीं।"

कुमार अगडदत्त ने उसे आश्वासन दिया और कहा कि जब मैं विद्या समाप्त कर इस नगरी से जाने ललूँगा, तो तुझे अपने साथ ले चलूँगा।

एक दिन वह कुमार अगडदत्त घोड़े पर संवार राजमार्ग से जा रहा था कि उसने लोगों का कोलाहल सुना। उसने देखा कि एक मदोन्मत्त हाथी लोगों को मारता हुआ दौड़ रहा है। नगर में चारों ओर भगदड़ मच गयी है। सभी ओर त्राहि-त्राहि की आवाज आ रही है। कुमार घोड़े से उतरा और उतरकर उसने उस पागल हाथी को ललकारा। ललकार सुनते ही हाथी कुमार पर झपटा। कुमार ने अपना चादर हाथी की सूंड़ में फँसाकर उसकी पीठ में एक घूँसा जमाया और उसके ऊपर सवार होकर उसे मदहीन कर दिया तथा गजशाला में ले जाकर बाँध दिया। हाथी को वश करने के इस समाचार को सुनकर राजा कुमार से बहुत प्रसन्न हुआ और उसे अपने यहाँ बुलाया। राजा ने कुमार का समस्त परिचय प्राप्त किया।

इसी समय नगर के प्रमुख व्यक्ति राजा के पास पहुँचे और अभिवादन कर उन्होंने निवेदन किया कि महाराज! कोई चोर हमलोगों का धन रात में चुरा ले जाता है। उसने सारे नगर को तबाह कर दिया है। प्रति दिन किसी न किसी व्यक्ति के घर चोरी होती है। हम नगरनिवासी निर्धन हो गये हैं। राजा ने नगर रक्षकों को कड़ी आज्ञा देकर चोरी को रोकने के लिए सतर्क किया, पर चोरी बन्द न हो सकी। कुमार अगडदत्त ने राज से निवेदन किया कि महाराज, आप मुझे आज्ञा दें तो मैं उस चोर को सात दिन के भीतर पकड़ कर ला दूँगा और न ला सकूँगा तो अग्नि में प्रविष्ट होकर जल मरूँगा।

अपनी प्रतिज्ञानुसार अगडदत्त चोर की तलाश करने में लग गया। उसने चोरों के अड्डों को घूम-घूम कर देखा, पर कहीं भी उस चोर का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पता नहीं चला। प्रतिज्ञा किये उसे छः दिन बीत गये। सातवें दिन संध्या समय नगर के बाहर सुनसान बगीचे में बैठा हुआ वह सोचने लगा कि अब तो अग्नि में जलकर मरना ही है। क्या मैं यहाँ से अपने नगर को चला जाऊँ या कहीं अन्यत्र भाग जाऊँ? चोर का कहीं पता नहीं लगा, अब संध्या होने में देरी नहीं है।

कुमार अगडदत्त इस प्रकार चिन्तामग्न बैठा हुआ था कि एक परिव्राजक—संन्यासी काषायले वस्त्र पहने हुए, मुण्डित सिर हाथ में त्रिदण्ड लिये कुछ गुनगुनाता हुआ उपस्थित हुआ। उसकी वेषा-भूषा और रहन-सहन से कुमार ने उसे चोर समझा। वह आगन्तुक पुरुष कुमार से मधुर वचनों में बोला—"महानुभाव! तुम कौन हो और यहाँ किस कार्य से बैठे हो?"

बुद्धिनिपुण कुमार ने उत्तर दिया—मैं गरीबी से पीड़ित चिन्तामग्न बैठा हूँ। सोच रहा हूँ कि भरण-पोषण के निमित्त कोई कार्य मिल जाय।

आगन्तुक—पुत्र! चिन्ता मत करो, आज ही मैं तुम्हारी दरिद्रता को दूर कर दूँगा।

कुमार—आपकी अनुकम्पा से मेरी दरिद्रता दूर हो जाय तो मैं आपका बड़ा अनुगृहीत होऊँगा।

इस प्रकार बातचीत करते हुए रात्रि आ गयी। जब मध्यरात्रि हुई तो वह आगन्तुक तलवार निकाल कर शीघ्रता-पूर्वक नगर की ओर चलने लगा और कुमार से बोला—"तुम भी मेरे पीछे-पीछे आओ, आज तुम्हारी इष्ट सिद्धि हो जायगी।" परिव्राजक ने नगर में पहुँच कर एक धनिक वैश्य के घर में सेंध लगायी और मूल्यवान् समानों को निकाल-निकालकर बाहर करने लगा। उसने कुमार से कहा—तुम यहीं रहो, मैं निकट के देवमन्दिर से कुछ व्यक्तियों को बुलाता हूँ। वह कुछ व्यक्तियों को बुला लाया और उनके ऊपर समान रखवाकर नगर से बाहर जाने लगा। वे सभी लोग नगर के बाहर एक पुराने उद्यान में पहुँचे और रात्रि बिताने के लिए वहीं सो गये। उस परि-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

व्राजक ने उठकर तलवार से उन सामान ढोनेवालों को मार डाला। वह कुमार को भी मारने के लिए ढूँढ़ने लगा। पर कुमार पहले से ही सावधान था, अतः दोनों में युद्ध होने लगा। कुमार की तलवार के वार को वह सह न सका और घायल होकर भूमि पर गिर गया। वह अपना परिचय देने लगा—

"मेरा नाम भुजंगम चोर है। श्मशानभूमि में जमीन के नीचे मेरा भवन है। वीरमती नाम की मेरी बहन है। तुम वड़ के वृक्ष के नीचे जाकर उसको बुलाना। वह तलघर का दरवाजा खोल देगी। तुम उसके साथ विवाह कर लेना और समस्त धन को ग्रहण कर वहीं सुखपूर्वक निवास करना। अथवा कुछ दिन वहाँ रहकर चले आना।"

भुजंगम चोर के निर्देशानुसार वह श्मशानभूमि में पहुँचा और संकेतानुसार उसने वीरमती से तलघर का दरवाजा खुलवाया। वीरमती ने उसका स्वागत किया और भाई का घातक समझकर उससे बदला लेना चाहा। उसने कुमार को एक पलंग पर सुला दिया और स्वयं ऊपर चली गयी।

कुमार सोचने लगा कि मुझे यहाँ सुलाने में कोई रहस्य है। अतः मैं यहाँ से हटकर दूर चला जाता हूँ। इसी बीच उस वीरमती ने छत के ऊपर से मशीन द्वारा एक पत्थर की विशाल चट्टान उस पलंग पर गिरायी, जिससे पलंग चूर-चूर हो गया। वह हँसती हुई नीचे आई, पर कुमार को एक कोने में हँसते हुए पाया। कुमार ने उस विश्वास-घातक के वाल पकड़ लिये और उसे राजा के पास ले आया। राजा से उसने भुजंगम चोर की सारी कथा कह सुनायी और उसकी बहन वीरमती को वहाँ उपस्थित किया। राजा ने चोर का समस्त धन नागरिकों को दिला दिया। प्रसन्न होकर राजा ने कुमार के साथ अपनी कन्या कमलसेना का विवाह भी कर दिया। दहेज में कुमार को एक हजार श्रेष्ठ गाँव, सौ हाथी, एक लाख पैदल सेना, दस हजार घोड़े और विपुल भण्डार दिये। इतना सम्मान, धन और वैभव प्राप्त

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर भी कुमार मदनमंजरी के बिना सबको निरर्थक समझता था।

एक दिन मदनमंजरी की एक दासी कुमार के पास आई और कहने लगी कि आपके विरह में मदनमंजरी जल रही है। आपके अभाव में उसका जीवित रहना संभव नहीं। अतः आपको चलकर उसको सान्त्वना देना चाहिए।

कुमार ने दासी के वचन सुनकर कहा—तुम जाकर मदनमंजरी से कहो कि मैं समय पाकर अवश्य ही उसे सुखी बनाऊँगा। वह अपने मन में चिन्ता न करे।

कुछ दिनों के पश्चात् एक दिन ऊँट पर सवार एक व्यक्ति आया। कुमार उस व्यक्ति से बड़ी प्रसन्नतापूर्वक मिला और उससे अपने माता पिता का कुशल समाचार पूछा। उस व्यक्ति ने कहा—"तुम्हारे माता-पिता कुशल हैं। पर यदि तुम जल्दी चलकर उनसे नहीं मिलोगे, तो वे रो-रोकर तुम्हारे वियोग में अपने प्राण दे देंगे। तुम से मिलने के लिए वे अत्यन्त लालायित हैं।"

कुमार अपने स्कन्धावार को तैयार कर राजा के पास आया और कहने लगा कि—"महाराज! मेरे पिता के यहाँ से दो व्यक्ति मुझे बुलाने के लिए आये हैं। आप जैसा आदेश दें, किया जाय।" राजा—"कुमार जाओ और अपने माता-पिता को संतुष्ट करो"।

राजा का आदेश प्राप्त कर कुमार मदनमंजरी के साथ शंखपुर के लिए रवाना हुआ। रास्ते में चलते-चलते वह महाभयंकर वन में पहुँचा। अब वर्षा ऋतु आ गई थी। जिस वन से कुमार जा रहा था, उस वन में एक भिल्लपति ससैन्य निवास करता था। कुमार की सेना के साथ उस भिल्लराज की सेना का युद्ध होने लगा। पहले तो कुमार की सेना ने भिल्लसेना को तितर-बितर कर दिया, पर बाद में भिल्लसेना ने कुमार के सभी सैनिकों को छिन्न-भिन्न कर भगा दिया। अब कुमार और भिल्लराज के बीच युद्ध होने लगा। दोनों ही कुशलता-पूर्वक बाण वर्षा करने लगे। एक दूसरे को वश करने का दोनों का

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ही प्रयत्न निष्फल रहा। अतः कुमार ने मदनमंजरी से कहा कि तुम शृंगार कर रथ के ऊपर बैठ जाओ। कुमार के कथनानुसार मदनमंजरी रथ के ऊपर बैठ गयी। जब भिल्लराज ने मदनमंजरी के अपूर्व सौन्दर्य को देखा तो वह मुग्ध हो गया और बाण चलाना ही भूल गया। इसी बीच कुमार ने छल द्वारा भिल्लराज को मार गिराया।

कुमार अगडदत्त ने देखा कि रथ के सिवाय वहाँ अब एक भी सुभट नहीं है, सभी इधर-उधर छिन्न-भिन्न हो गये हैं। अतः वह अकेला ही आगे बढ़ा और किसी प्रकार उसने उस दुर्गम वन को पार किया। उसे आगे चलने पर एक रमणीय गोपुर मिला। यहाँ उसे दो व्यक्ति मिले, जिन्होंने कुमार से कहा कि हमलोग भी शंखपुर को चल रहे हैं। आपके साथ चलने से हमारा मार्ग भी निर्विघ्न कट जायगा। आगे बढ़ने पर जब दो मार्ग आये तो उन्होंने एक मार्ग की ओर संकेत करते हुए कहा कि इस मार्ग में दुर्जन चोर, मदोन्मत्त हाथी और दृष्टिविष नामक सर्प रहते हैं तथा अन्य सिंह, व्याघ्र आदि हिंसक प्राणी भी निवास करते हैं। अतः इस रास्ते से न जाकर दूसरे से चलना चाहिए।

कुमार ने उनको धैर्य बँधाते हुए कहा—आपलोग निर्भय होकर चलिए। मैं सकुशल आपलोगों को शंखपुर में पहुँचा दूँगा। कुमार की इन बातों को सुनकर अन्य यात्री भी प्रसन्नतापूर्वक उसके साथ चलने लगे। कुछ दूर आगे बढ़ने पर एक परिव्राजक जटा जूट बढ़ाये, शरीर में भस्म लगाये और पिच्छिका हाथ में लिये हुए आया और कहने लगा—"कुमार! मैं भी तीर्थयात्रा के निमित्त शंखपुर को चल रहा हूँ। मेरे पास कुछ स्वर्ण मुद्राएँ हैं, जो देवपूजा के निमित्त प्राप्त हुई हैं। अतः आप इन दीनारों—स्वर्ण मुद्राओं को अपने पास रख लीजिए, जिससे मैं निर्भय होकर आपलोगों के साथ चल सकूँ। कुमार ने उस परिव्राजक से दीनारें ले लीं। इस पर उस परिव्राजक ने कुमार को अशीर्वाद दिया। उस परिव्राजक की वेशभूषा से कुमार को आशंका हुई और वह उसके साथ को अनिष्टकर समझने लगा।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कुछ दूर जाने के उपरान्त उस परिव्राजक ने कहा—"साथियो! यहाँ के गोकुल में मेरे सुपरिचित हैं। मैंने एक बार यहाँ चातुर्मास किया है, जिससे सभी ग्वाले मुझे खूब मानते हैं। अतः आज आप-लोगों की दावत यहीं पर होगी।" इतना कहकर वह परिव्राजक गोकुल में गया और वहाँ से दही, घी और दूध के भरे हुए वर्तन ले आया। उसने कुमार से कहा—"राजपुत्र! आप यथेच्छ दुग्धपान करें।"

कुमार—"मेरे सिर में आज अपार वेदना है, अतः कुछ भी भोजन करने की इच्छा नहीं है।"

राजकुमार ने इशारे से अन्य साथियों को भी भोजन करने से रोका, पर वे न माने और उस विषमिश्रित भोजन को ग्रहण करते ही मूर्छित हो गये। थोड़ी ही देर में वे यममन्दिर के अतिथि बने। जब कुमार ने भोजन नहीं किया तो वह परिव्राजक बहुत नाराज हुआ और कुमार को मारने के लिए दौड़ा। कुमार ने अपने बाण से उसको मार गिराया। मरते समय उसने कहा—"कुमार! मैं दुर्जय दुर्योधन नाम का चोर हूँ। मैं तुम्हारी निर्भीकता से बहुत प्रसन्न हूँ। अतः तुमसे एक बात कहता हूँ। इस पर्वत के वामपार्श्व में दो नदियों के बीच एक देवालय है। इस देवालय के पश्चिम ओर एक शिला है। इस शिला को उठानेपर तुम्हें एक तलघर मिलेगा, इस तलघर में मेरी सुन्दर रूप-लावण्यवाली पत्नी रहती है। यहाँ अपार धनराशि है। तुम इस धन का उपभोग करना।"

दुर्योधन चोर की मृत्यु हो जाने पर कुमार अगडदत्त ने उसका दाह संस्कार किया और रथ को उसके द्वारा बताये गये स्थान पर ले गया। शिला के उठाते ही उसे तलघर का दरवाजा मिला और भीतर जाने पर उस चोर की जयश्री नाम की सुन्दर पत्नी दिखलाई पड़ी। कुमार अगडदत्त उस नारी के लावण्य को देखते ही मुग्ध हो गया। मदनमंजरी ने जब कुमार की यह दशा देखी तो उसने कुमार को हाथ का झटका देकर कहा—"मैंने आपके लिए अपने माता, पिता, भाई, बहन आदि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कुटुम्बियों तथा समस्त सुख को छोड़ा है और आप इस प्रकार की निर्लज्जता कर रहे हैं।"

मदनमंजरी के इन वचनों को सुनते ही कुमार सावधान हो गया और रथ पर सवार होकर आगे बढ़ा। उसे आगे चलने पर मदोन्मत्त हाथी और दृष्टिविष सर्प मिले तथा इन्हें किसी प्रकार वशकर वह सकुशल शंखपुर में पहुँचा।

महाराज सुन्दर ने कुमार के आगमन की खुशी में याचकों को दान दिया तथा अनेक प्रकार से अपनी प्रसन्नता प्रकट की। भोजन के उपरान्त परदेश में रहने का समस्त वृत्तान्त और घटी हुई घटनाएँ कुमार ने कह सुनाई। इस प्रकार आनन्दपूर्वक राज्य सुख भोगते हुए समय वीतने लगा।

इसके पश्चात् अन्य किसी समय कामी और विलासी व्यक्तियों के लिए सुखदायक वसन्त ऋतु आई। राजा परिजन और पुरजन सहित वनविहार के लिए गया। साथ में मदनमंजरी सहित कुमार अगडदत्त भी चला। नाना प्रकार की क्रीडाएँ करके राजा तथा नगरवासी लौट आये। कुमार अगडदत्त भी अपने मित्रों सहित चलने लगा। जब वह रथ के पास आया तो मदनमंजरी को एक विषैले साँप ने डँस लिया। मदनमंजरी हाय, हाय करती हुई कुमार की गोद में गिर पड़ी। कुमार ने विष दूर करने का बहुत प्रयत्न किया; किन्तु सब व्यर्थ रहा। जब वह निर्जीव हो गई तो कुमार ने विलाप करना आरंभ किया। किसी प्रकार धैर्य धारण कर उसने लकड़ियों की चिता बनाई और उस चिता में भार्या के साथ स्वयं भी जल मरने का निश्चय किया। इसी समय एक विद्याधर युगल आया और उसने कहा—"महानुभाव! आप अपने प्राणों को अकारण क्यों नष्ट कर रहे हैं? हम आपकी पत्नी को जीवित कर देते हैं।" उन्होंने मंत्रित जल मदनमंजरी के ऊपर छींटा। जल के छींटे लगते ही वह निद्रा से सोते हुए के समान जाग उठी और कहने लगी कि यह कौन सा स्थान है?

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मदनमंजरी के सचेत होते ही विद्याधर दम्पती आकाशमार्ग से चले गये और कुमार अपनी प्रिया सहित उस अंधेरी रात्रि में पासवाले देवालय में पहुँचा। उसने अपनी पत्नी से कहा—"मैं जबतक बाहर से अग्नि लेकर आता हूँ, तुम यहीं पर ठहरो।"

जब कुमार अग्नि लेकर वापस लौटा तो उसने उस देवालय में दीपक का प्रकाश देखा। वह उस प्रकाश के संबंध में अपनी पत्नी से पूछने लगा। पत्नी ने बहाना बनाकर कहा कि दीपक यहाँ कहाँ से आया? आप जो अग्नि लाये हैं, उसीके प्रकाश का प्रतिबिम्ब आपको दिखलायी पड़ा होगा। कुमार अगडदत्त अपनी तलवार मदनमंजरी को देकर अग्नि को नीचे रखकर मुँह से फूँक कर उसे प्रज्वलित करने लगा। इसी बीच उसने तलवार के गिरने की आवाज सुनी। चौंककर कुमार ने पूछा कि यह नंगी तलवार फर्श पर कैसी गिरी? मदनमंजरी ने कहा—

"मेरे मन में इस बात को जानने का कौतूहल हुआ कि नंगी तलवार कैसी लगती है? अतः मैं म्यान से तलवार को अलग कर घुमाने लगी तो तलवार मेरे हाथ से छूटकर फर्श पर गिर गयी।"

देवालय में रात्रि व्यतीत कर वह कुमार नगर में लौट आया और संसार के विषय-सुखों का अनुभव करते हुए समय बिताने लगा।

एक दिन वह कुमार बाह्याली में एक घोड़े को चाल सिखा रहा था कि वह दुष्ट घोड़ा कुमार को लेकर जंगल की ओर भागा और वह जंगल में तापस आश्रम में पहुँचा। कुमार घोड़े पर से उतर कर इधर-उधर परिभ्रमण करने लगा। वह एक जिनालय में पहुँचा और वहाँ उसे अनेक मुनियों से युक्त चारण ऋद्धिधारी सहस्रगति नाम के एक मुनिराज मिले। उसने मुनिराज की वन्दना की और उनके पादमूल में बैठकर पूछा—"प्रभो! ये पाँच सुन्दर युवक कौन हैं, जो इस चढ़ती आयु में विरक्त होकर आप संव्रत माँग रहे हैं? इनका साहस अनुपम है।" मुनिराज ने कहा—

"इस वन में चमरी नाम का एक गाँव है। इसमें धरणीधर नाम

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

का एक बलवान् भिल्लराज रहता था। कुछ दिन पहले वहाँ ससैन्य एक राजकुमार अपनी सुन्दरी पत्नी सहित आया। भिल्लराज और कुमार में युद्ध हुआ। कुमार भिल्लराज को जब बाहुबल द्वारा परास्त न कर सका तो उसने अपनी सुन्दर रूपवती पत्नी को रथ के ऊपर बैठाया, जिससे वह धरणीधर उस नारी के कटाक्षवाणों से घायल हो वाण चलाना ही भूल गया और कुमार ने अवसर पाकर उसका वध कर दिया। अपनी प्रिया सहित कुमार वहाँ से चला आया। पाँचों व्यक्ति उसके भाई हैं, जब ये बाहर से लौटकर आये तो अपने भाई के घातक से बदला चुकाने के लिए उस कुमार के पीछे-पीछे चले। ये अवसर की प्रतीक्षा में थे कि एकान्त प्राप्तकर कुमार की हत्या की जायगी। अतः जब वह कुमार वसन्त ऋतु में वनविहार के लिए गया तो ये भी छिपे रूप में वहाँ पहुँचे। वनविहार के बाद जब कुमार रथ पर सवार होने लगा तो उसकी प्रिय पत्नी को एक विषैले सर्प ने डँस लिया। कुमार पत्नी के वियोग से दुःखित हो चिता बनाकर मृत पत्नी के साथ जलने को तैयार हो गया, उसी समय एक विद्याधर युगल आया, जिसने उस कुमार की पत्नी को जीवित किया। कुमार पत्नी के साथ रात्रि में एक देवालय में गया। वहाँ पर ये पाँचों भाई कुमार को मारने के लिए अवसर प्राप्त करने हेतु छिपे हुए थे। जब कुमार अग्नि लाने के लिए देवालय से बाहर गया तो इन लोगों ने अपने छिपाये हुए दीपक को प्रज्वलित किया। उस दीपक के प्रकाश में उस कुमार की पत्नी ने इन लोगों को देख लिया और वह इनके छोटे भाई के रूप-लावण्य पर मुग्ध हो गई। उसने कहा—"मैं तुम्हारे बिना जीवित नहीं रह सकती हूँ। अतः मेरे साथ तुम विवाह कर लो।" छोटे भाई ने कहा—"आपका पति बहुत बलवान् है। यदि उसे यह मालूम हो जायगा, तो वह हम सभी को मार डालेगा।" रमणी बोली—"मैं अपने इस पति की हत्या स्वयं ही कर देती हूँ, तब तो मार्ग निष्कंटक हो जायगा। आपको इसके लिए चिन्ता करने की आवश्यकता

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नहीं।" जब वह कुमार अग्नि लेकर आया और उसने दीपक के प्रकाश के सम्बन्ध में पूछा तो उस रमणी ने झूठ बोलकर उस कुमार को धोखा दिया और जब वह सिर नीचा कर अग्नि को जलाने लगा तो उसने तलवार द्वारा उसका वध करना चाहा। पर इस दयालु वीर ने निरपराधी कुमार को बचाने के लिए तलवार को धक्का दिया, जिससे वार खाली गया और तलवार हाथ से छूटकर गिर गयी। इन लोगों को उस नारी के मायाचारी प्रपंचों को देखकर विरक्ति हो गई है, अतः ये पाँचों ही महानुभाव दीक्षा लेने के लिए प्रस्तुत हैं।"

कुमार ने कहा—"प्रभो! मैं ही इनके भाई का घातक हूँ। यह घटना मेरे ही साथ घटी है। मैं भी अब इस संसार से पूर्ण विरक्त हूँ। कृपया मुझे भी व्रत प्रदान करने का कष्ट करें।"

मुनिराज ने उसे दीक्षा प्रदान की और वह उग्र तपश्चरण करने में संलग्न हो गया।

यह एक साहसिक प्रेम कथा है। कुमार अगडदत्त के वीरतापूर्ण साहसिक कार्यों का विवेचन किया गया है। संसार के विषय भोगों का आधार नारी को मानकर नारी के चरित्र का पतन और उसके रहस्य का उद्घाटन किया गया है। काम की प्रतीक नारी का विश्लेषण हुआ है।

इस कथा में अगडदत्त और मदनमंजरी के अतिरिक्त भुजंगम चोर, धरणीधर भिल्लराज और दुर्योधन चोर पात्र भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। यह एक लोक कथा है, इसमें लोक कथा के तत्त्व और गुण-धर्म पाये जाते हैं। इस लोक कथा में निम्न लोक तत्व विद्यमान् हैं।

यह कथा परम्परा द्वारा प्रचलित है—मौखिक और लिखित दोनों रूपों में इसके पहले भी प्रचलित रही है। शान्ति सूरि ने उत्तराध्ययन के चतुर्थ सूत्र की छठी गाथा की टीका में इस कथा को उद्धृत किया है। यद्यपि देवेन्द्र गणि ने कथा को शान्ति सूरि की अपेक्षा बहुत विस्तृत किया है, तो भी कथावस्तु के बीज वे ही हैं जिनको शान्ति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सूरि ने निबद्ध किया है। परिमाण की दृष्टि से शान्ति सूरि की अपेक्षा यह कथा छः गुनी है। दोनों ने ही इसे पद्य में लिखा है।

यह कथा ईस्वी सन् चौथी शताब्दी में संघदास गणि ने गद्य में वसुदेवहिण्डि में भी लिखी है। वहाँ भी इस कथा का यही प्रारूप मिलता है। अगडदत्त अवन्ती देश के उज्जैनी नगर के अमोघरथ नामक सारथी का पुत्र है, इसकी माता का नाम यशोमती है। यह विद्या सीखने के लिए कौशाम्बी नगरी में जाता है और वहाँ दृढप्रहारी नाम के गुरु के पास कला और शास्त्रों का अध्ययन करता है। वहाँ पर यज्ञदत्त नामक गजपति की पुत्री सामदत्ता इसके सौन्दर्य और यौवन से आकृष्ट हो प्रेम करने लगती है। सामदत्ता के आकृष्ट होने का ढंग बिल्कुल इसी अगडदत्त कथा के समान है।

विद्याएँ और कलाएँ सीख लेने के उपरान्त अगडदत्त कौशाम्बी राजा की राजसभा में जाता है और अपनी कलाओं के प्रदर्शन से उसे आश्चर्यचकित कर देता है। राजा उसे साधुवाद न देकर केवल धन देने की बात कहता है। इस पर कुमार अगडदत्त राजा से निवेदन करता है कि महाराज आपने मुझे साधुवाद तो नहीं दिया, तब धन देने से क्या लाभ ? राजा ने कहा—'मैं तुम्हारी इस विद्या को महत्वपूण नहीं समझता हूँ।' वह अध्यात्म विद्या तथा व्रताचरण का महत्व बतलाने के लिए अपने पूर्वभव की कथा सुनाने लगा।

"मैं पूर्वभव में कौशाम्बी के हरिषेण राजा के सुबुद्धि नामक मन्त्री का पुत्र था। मेरी माता का नाम सिंहली था और मेरा नाम आनन्द था। दुर्भाग्यवश मैं कुष्ठ रोग से पीड़ित हो गया। एक दिन यवन देश से एक दूत आया और उसने मुझ आनन्द के कुष्ठ रोग को देखकर कहा कि युवा घोड़े के रुधिर में इसे एक मुहूर्त्त पर्यन्त रखा जाय तो इसका कुष्ठ रोग अच्छा हो सकता है। पुत्र स्नेह से माता-पिता ने राजकुल का घोड़ा मारकर उसके रक्त में मुझे रखा। मैं अच्छा तो हो गया, पर राजकुल के घोड़े के मारने के अपराध में मेरे समस्त परिवार

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

को राजा ने शारीरिक दण्ड दिया। मैं किसी तरह बचकर पण्यवाट नगरी में पहुँचा। पण्यवाट नगरी के राजा ने दया कर मुझे अपने यहाँ रख लिया। कुछ दिनों के पश्चात् उस नगरी में एक मुनिराज आये और मैंने उनसे अहिंसा धर्म का उपदेश ग्रहण किया। पञ्चाणुव्रत और सात शील व्रतों का पालन करने से मेरा जीव जितशत्रु नाम का राजा हुआ है। अतः थोड़े से व्रतों की शिक्षा भी राज्यश्री को देती है।"

इस प्रकार राजा जितशत्रु ने अपने पूर्व भव की घटना कहकर कौशाम्बी राजा को सन्तुष्ट किया। कुमार अगडदत्त ने नागरिकों का धन चुरानेवाले चोर को सात दिन के भीतर पकड़ लाने की प्रतिज्ञा की। वह चोर को पकड़ने के लिए घोर परिश्रम करने लगा, पर छः दिनों तक चोर का कहीं भी पता न लगा। सातवें दिन सन्ध्या समय एक सुनसान बगीचे में संन्यासी के वेष में वह चोर आया और अगडदत्त से उसकी बातचीत हुई। रात्रि में अगडदत्त उसके साथ गया और एक स्थान पर सेंध लगाकर चोरी करनेवाले उस चोर के साथ रहा। अन्त में प्रस्तुत कथा के समान ही उस चोर को यममन्दिर भेजा और उसके द्वारा बताये हुए संकेत स्थल पर जाकर उसने उस चोर की बहन को वश किया तथा तलघर में रखा हुआ नागरिकों का धन भी उसने बाँट दिया।

कुछ दिनों के पश्चात् अगडदत्त कौशाम्बी से सामदत्ता के साथ उज्जैनी में वापस आता है। मार्ग में हाथी, सर्प, व्याघ्र और अर्जुन नामक चोर को वश किया। अर्जुन चोर पाँच सौ चोरों का सरदार था। कुमार अगडदत्त ने उसका सामना भी प्रस्तुत कथा में वर्णित ढंग से ही किया है।

उज्जैनी आने पर कुमार अगडदत्त एक दिन वनविहार के लिए गया और वहाँ सामदत्ता को एक सर्प ने डंस लिया। सामदत्ता का चरित्र यहाँ पर इसी कथा के समान वर्णित है। कुमार अगडदत्त मुनि हो जाता है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस प्रकार वसुदेव हिण्डी की कथा के पात्रों में नाम मात्र का परिवर्तन कर देवेन्द्र गणि ने इस कथा को लिखा है। हमारा मत है कि इस कथा का मूल स्रोत वसुदेवहिण्डी की कथा ही है। इस कथा में निम्न लोकतत्त्व भी विद्यमान् हैं।

१ कुमार अगडदत्त की कथा वहुत लोकप्रिय रही है। इसका मौखिक और लिखित रूप में प्रचार रहा है।

२ लोक कथा का दूसरा तत्त्व है, देशकाल का वहुधा आश्चर्यजनक और कल्पना मण्डित होना। इस कथा में आश्चर्यजनक तत्त्वों की कमी नहीं है। मदनमंजरी और कुमार अगडदत्त के कार्य आश्चर्यजनक हैं।

३ लोक रुचि का लोकरंजक चित्रण है।

४ अप्राकृतिक, अति प्राकृतिक और अमानवीय तत्त्वों का भी समावेश है।

५ यह कथा लोकचित्त को आन्दोलित कर, प्रेरित कर उसे निश्चित उद्देश्य की ओर ले जाती है।

६ स्वस्थशृङ्गार और धार्मिक श्रद्धा को स्थान प्राप्त है।

७ रहस्य और कुतूहल का यथेष्ट समावेश है।

८ महत्वाकांक्षा या साहस का यथेष्ट निरूपण है।

९ जनमानस का प्रतिफलन पर्याप्त मात्रा में है।

१० पूर्वजन्मों के संस्कार और फलोपयोग का निरूपण है।

११ नारी के छलकपटमय आचरण का विश्लेषण; लोक कथा में इसका रहना परम आवश्यक माना गया है।

१२ विषय वस्तु और कथानक की शैली में लोककथा शैली का प्रयोग है।

१३ लोकमानस की सहज और स्वाभाविक अभिव्यक्ति इस कथा में वर्तमान है।

१४ अद्भुत तत्त्व का समावेश है।

१५ निम्नस्तरीय व्यक्तियों का चरित्र यथा चोर, चोरों के निवास,

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जुआरी, व्यभिचारी आदि का यथार्थ चरित्र विश्लेषण इस कथा में वर्तमान है।

इस कथा के रचयिता देवेन्द्र गणि हैं। देवेन्द्र गणि का दूसरा नाम नेमिचन्द्र सूरि भी है। ये वृहद्‌गच्छीय आचार्य थे। चन्द्रकुल और वृहद्‌गच्छ के आचार्य उद्योतन सूरि के प्रशिष्य और आम्रदेव के शिष्य थे। आचार्य पद प्राप्त करने के पहले, इनका नाम देवेन्द्र गणि था। मुनिचन्द्र सूरि को इनका सहोदर कहा गया है। इस गच्छ में प्रद्युम्नसूरि, मानदेवदूरि, सुप्रसिद्धदेव सूरि, उद्योतन सूरि और अम्बदेव सूरि नाम के आचार्य हुए हैं। 'महावीर चरियं' में बताया गया है।

> जम्मि य गच्छे आसी सिरि पज्जुन्नामिहाण सूरित्ति
> सिरि मानदेवसूरी सुप्पसिद्धो देवसूरी य ॥२३७९॥
> उज्जोयणसूरिस्स य सीसो अह अम्बदेव उवज्झाओ।
> खममद्दवज्जवाई गुणकलिओ सोमसुत्तो य ॥२३८०॥
>
> —महावीर चरियं पृ० १०२

देवेन्द्रगणि या नेमिचन्द्र सूरि के तीन ग्रन्थ प्रसिद्ध हैं। रयणचूडरायचरिय, सुखवोध टीका और महावीर चरिय। वि० सं० ११२९ में इन्होंने उत्तराध्ययन सूत्र की सुखवोध टीका का प्रणयन किया है। इस टीका में प्राकृत की वहुत ही सुन्दर कथाएँ संकलित हैं। 'कहाणय-तिगं' में संग्रहीत कथाएँ भी इसी टीका से उद्धृत हैं तथा अगडदत्त कथा भी इसी टीका से ली गयी है। सुखवोध टीका प्राकृत कथाओं का खजाना है। भाषा सीखने के लिए इससे सरल और मनोरंजक कथाएँ अन्यत्र शायद ही मिल सकेंगी। इन कथाओं में लोक संस्कृति और लोक जीवन का भी सुन्दर चित्रण हुआ है। अतः भारतीय संस्कृति और इतिहास ज्ञान के लिए भी इन कथाओं का अध्ययन आवश्यक है। कुछ कथाओं में अर्ध ऐतिहासिक तथ्यों का भी अच्छा संकलन है।

देवेन्द्र गणि ने वि० सं० ११४० में महावीरचरियं को लिखा है। इस चरित ग्रन्थ में अन्तिम तीर्थंकर भगवान् महावीर का जीवन अंकित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

किया गया है। रचयिता ने स्वयं बतलाया है कि मैं संसार, शरीर और भोगों की आसक्ति को दूर करने के लिए तथा यथार्थ जीवन-यापन की प्रेरणा प्राप्त करने के लिए अन्तिम तीर्थंकर का चरित वर्णित करता हूँ। यथा—

वोच्छामि समासेणं वीरजिणिन्दस्स सन्तियं चरियं।
संवेगट्ठा भवियाण अत्तणो सुमरणत्थं च ॥१०॥
जम्मि भवे संमत्तं पत्तं पढमं तमाइओ काउं।
सत्तावीस जिणभवे संखवेणं पविक्खामि ॥११॥

--महावीर चरियं पृ० १

रयणचूडरायचरिय का रचनाकाल निश्चित नहीं है। पर इतना तथ्य है कि यह ग्रन्थ उक्त दोनों के बाद लिखा गया है। इसमें रत्नदेव राजा का चरित्र वर्णित है। अतः स्पष्ट है कि देवेन्द्र गणि प्रसिद्ध प्राकृत कथाकार हैं—इनका दूसरा नाम नेमिचन्द्र भी है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शब्दार्थ और टिप्पणियाँ (Notes)

१ अत्थि=अस्ति—वर्तमानकाल के तीनों पुरुष और दोनों वचनों में यह रूप बनता है। इसका अर्थ, रहता है या अस्तित्व होता है।

जए = जगति—संसार में—यह जगत् शब्द का सप्तमी का एकवचन है। प्राकृत में अन्तिम हलन्त वर्ण का लोप हो जाता है और मध्यवर्ती ग का लोप होने से अ शेष रहता है। इस प्रकार जगत् के स्थान पर 'जअ' रूप बनता है। सप्तमी का विभक्ति चिह्न ए जोड़ने से जए रूप बना है।

तम्मि = तस्मिन्—उसमें—तद् शब्द से सप्तमी विभक्ति के एक वचन में 'म्मि' प्रत्यय जोड़ने से तथा अन्तिम हलन्त्य वर्ण 'द्' का लोप होने से तम्मि रूप बना है।

जणजणियतोसओ = जन + जनित + तोष + क—लोगों को सन्तोष उत्पन्न करनेवाला— न के स्थान पर ण, त के स्थान पर य और क प्रत्यय का लोप तथा उसके स्थान पर अ और विसर्ग का ओत्व होने से यह रूप बना है।

२ तस्स = तस्य—उसका—तद् शब्द से षष्ठी विभक्ति के एक वचन में 'स्स' प्रत्यय जोड़ने और अन्तिम हलन्त्य वर्ण द् का लोप करने से यह रूप बनता है।

कुलरूवसरिसी = कुल + रूप + सदृशी—कुल और रूप के सदृश—कुलीन और रूपवती—प्राकृत में 'प' के स्थान व होता है और सदृशी के स्थान पर सरिसी बनता है।

समग्गजणजणियलोयणाणंदा = समग्र + जन + जनित + लोचन + आनन्दा—समस्त लोगों के नेत्रों को आनन्द देनेवाली—सभी को सुन्दर और प्रिय लगनेवाली। समग्र शब्दों में ग्र में से संयुक्त रेफ का लोप और ग को द्वित्व होने से समग्ग बना। लोचन में मध्यवर्ती च का लोप होने और अवशेष 'अ' के स्थान पर 'य' श्रुति होने से तथा नकार के स्थान पर णकार होने से लोयण शब्द बना है।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्तेउरस्स = अन्तःपुरस्य—अन्तःपुर की। विसर्ग के स्थान पर एत्व और पकार का लोप तथा षष्ठी विभक्ति के एक वचन में 'स्स' प्रत्यय जोड़ने से अन्तेउरस्स रूप बनता है।

पढमा = प्रथमा—प्र के स्थान पर प, थ के स्थान पर ढ होने से पढमा रूप बना है।

वरभज्जा = वर + भार्या—श्रेष्ठ पत्नी—पट्टरानी, महिषी। भार्या के स्थान पर प्राकृत में भज्जा रूप होता है। 'र्य' के स्थान पर ज्ज तथा संयुक्त के पूर्ववर्ती स्वर को ह्रस्व होने से भार्या = भज्जा बना है।

३ कुच्छिपसूओ = कुक्षि + प्रसूतः—उदर से उत्पन्न—पेट से जन्म। संस्कृत के क्ष के स्थान पर प्राकृत में छ होता है तथा क्ष के मध्यवर्ती रहने से च्छ बनता है। प्र के स्थान पर प और त का लोप होने से अ शेष रहता है तथा विसर्ग का ओत्व हो जाने से प्रसूतः > पसूओ रूप निष्पन्न होता है।

अणुदियहं = अनुदिवसम्—प्रदि दिन—रोज-रोज। प्राकृत में दिवस शब्द के स्थान पर 'दियह' आदेश होता है तथा न के स्थान पर ण हुआ है।

वड्ढन्तो = √वृध् + शतृ—बढ़ते हुए। प्राकृत में संस्कृत की √वृध् धातु के स्थान पर वड्ढ आदेश होता है तथा वर्तमान कालिक 'न्त' कृत् प्रत्यय के जोड़ने से यह रूप बनता है।

पत्तो = प्राप्तः—प्राप्त हुआ। प्र के स्थान पर प और विजातीय वर्ग के संयुक्त 'प्त' में से प का लोप कर त को द्वित्व कर देने एवं संयुक्त के पूर्ववर्ती आकार को ह्रस्व कर देने से पत्तो रूप बना है।

केरिसो = कीदृशः—कैसा या किस प्रकार के स्वभाव का। संस्कृत के कीदृश के स्थान पर प्राकृत में केरिस आदेश होता है और विसर्ग के स्थान पर ओत्व होने से केरिसो रूप बनता है।

